**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2023 के प्रथम मंगलवार के लिये निर्धारित डा० मान सिंह यादव, मा० सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-5 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 5 (क) क्या कृषि मंत्री बतायेंगे कि ग्राम सिरगा मऊ तहसील सदर जनपद-लखनऊ के निवासियों को समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कराते हुए किसान सम्मान निधि सहायता राशि दिलाये जाने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र, दिनांक 13 फरवरी, 2023 जो कि मुख्य मंत्री को सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है? | जी हां। |
| (ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त पत्र में इंगित सभी व्यक्तियों को किसान सम्मान निधि सहायता राशि प्रदान करा दी गयी है? | उक्त पत्र दिनांक 13 फरवरी, 2023 में मात्र श्री दुलारे पुत्र श्री राम, पता-ग्राम सिरगामऊ तहसील सदर जनपद लखनऊ का नाम इंगित था, जिन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्रदान कराये जाने हेतु कृषक द्वारा ओपन सोर्स से किये गये पंजीकरण को मान्य पाते हुए डाटा भारत सरकार को अग्रसारित कर दिया गया। |
| (ग) यदि नहीं, तो कब तक उक्त सहायता राशि प्रदान करा दी जायेगी? | प्रश्न नहीं उठता है। |

सूर्य प्रताप शाही
कृषि मंत्री।